हरिभूमि
# कोरबा भूमि

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

बिलासपुर, शनिवार 27 सितंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4



एसईसीएल मुआवजा व नौकरी नहीं देगी तो उसको नहीं मिलेगी जमीन : भूपेश

### बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष बोनस में 9 हजार 250 हजार रुपए की हुई बढ़ोतरी

# कोयला कर्मियों को 1 लाख 3 हजार रूपए बोनस की मिली सौगात

### कोल इंडिया की दिल्ली स्थित कार्यालय में आयोजित हुई मानकीकरण समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इस दीपावली कोयला कर्मियों को 1 लाख 30 हजार रूपये बतौर बोनस मिलेगी, जो पिछले वर्ष की तुलना में 9 हजार 250 रूपये अधिक है। बोनस की राशि 26 सितंबर से कोयला कर्मियों के खाते में आनी शुरू हो गई है। कोल इंडिया के 2 लाख से अधिक कर्मियों को बोनस का लाभ मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि कोल इंडिया के अनुषांगिक कंपनियों में कार्यरत कोयला कर्मियों के बोनस निर्धारण करने वाली मानकीकरण समिति की बैठक नई दिल्ली स्थित सीआईएल कार्यालय में 25 सितंबर को आयोजित की गई। बैठक में बोनस पर चर्चा की गई, इस दौरान प्रबंधन ने 90 हजार 800 रूपये बोनस का प्रस्ताव रखा, जिसे श्रमिक संगठनों ने खारिज कर दिया। 1 लाख 30 हजार रूपये देने का प्रस्ताव रखा। जिस पर प्रबंधन ने असहमति जताई। वहीं प्रबंधन ने 98 हजार 500 रुपए बोनस दिए जाने का प्रस्ताव रखा। देर रात चली इस बैठक में खिरकार प्रबंधन द्वारा कोल कर्मियों को 1 लाख 3 हजार रुपए बोनस दिए जाने का निर्णय लिया गया है। मानकीकरण समिति की बैठक की अध्यक्षता समिति के चेयरमेन उदय ए काओले की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कार्मिक निदेशक विनय रंजन, बीसीसीएल के निदेशक एचआर मुरली कृष्ण रमैय्या सहित कोल इंडिया के सभी अनुषंगी कंपनियों के कार्मिक निदेशक एचआर व कुछ सीएमडी सहित श्रमिक संगठन से रमेन्द्र कुमार, जयमंगल सिंह, एसक्यू जामा, सुधीर घुर्डे, सुजीत सिंह, टीएस पवन कुमार, शिवकांत पाण्डेय, शिव कुमार यादव, रियाज अहमद, हरिद्वार सिंह, डीडी रामानंदन, आरपी सिंह सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल रहे।



बैठक में उपस्थित कोल इंडिया के अधिकारी एवं अन्य।

#### अब तक की सबसे ज्यादा बोनस वृद्धि

उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष 2024 में कोल कर्मियों को 93 हजार 750 रूपये बतौर बोनस राशि प्रदान की गई थी। इस बार कर्मियों को 1 लाख 3 हजार मतलब 9 हजार 250 रूपये ज्यादा पर सहमति बनी है। कोल इंडिया के इतिहास में यह सबसे ज्यादा बोनस वृद्धि है।

#### 26 को खाते में डाली जाएगी राशि

बोनस निर्धारण से कोल इंडिया के 2 लाख 2 हजार 56 कर्मी को 1 लाख 3 हजार रूपये का लाभ प्राप्त होगा। एसईसीएल में 34 हजार 500 से अधिक कर्मियों लाभान्वित होंगे। 356 करोड़ रूपये राशि का सीधा लाभ उनके खाते में पहुंचेगा। यह बोनस राशि दहशरा पर्व से पहले 26 सितंबर कोल कर्मियों के बैंक खाते में स्थानांतरित होनी शुरू हो गई है। जिसे त्यौहारों की खुशियां और अधिक बढ़ेगी।

#### नान एग्जीक्यूटीव कोयला कर्मी

| कंपनी | कर्मी |
|---|---|
| एसईसीएल | 34,705 |
| ईसीएल | 43,990 |
| बीसीसीएल | 29,752 |
| सीसीएल | 30,784 |
| डब्ल्यूसीएल | 29,667 |
| एमसीएल | 19,028 |
| एनसीएल | 11,522 |
| सीएमपीडीआई | 1,885 |
| एनईसी | 457 |
| कोल इंडिया | 257 |
| कुल | 202056 |

#### कोयला कर्मियों को कब कितना मिला बोनस

| वर्ष | राशि |
|---|---|
| 2010 | 17,000 |
| 2011 | 21,000 |
| 2012 | 26,000 |
| 2013 | 31,500 |
| 2014 | 40,000 |
| 2015 | 48,500 |
| 2016 | 54,000 |
| 2017 | 57,000 |
| 2018 | 60,500 |
| 2019 | 64,700 |
| 2020 | 68,500 |
| 2021 | 72,500 |
| 2022 | 76,500 |
| 2023 | 85,500 |
| 2024 | 95,500 |
| 2025 | 103000 |

#### दीवाली तक बाजारों में रहेगी बोनस की चमक

कोयला कर्मियों के बोनस की चमक दुर्गा पूजा से दीवाली तक देखने को मिलेगी। कोयलांचल के बाजारों में अब चहल पहल बढ़ जाएगी। एसईसीएल में बोनस का राशि 356 करोड़ रूपये आने का अनुमान है। इसकी वजह बोनस में रिकार्ड वृद्धि है। कोयला कर्मियों के अलावा बालको, एनटीपीसी, लैंको, सीएसईबी में भी बोनस का भुगतान होगा, जिसका असर त्यौहारी सीजन में बाजारों पर देखने को मिलेगा।

#### फिर ठगे गए ठेका कर्मी

मानकीकरण समिति की बैठक में ठेका मजदूरों के बोनस का मुद्दा तो उठा, लेकिन रस्म अदायगी भर रहा। प्रबंधन ने कहा कि इन्हें विभागीय कर्मियों की तरह बोनस का प्रावधान नहीं है। हालांकि प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि कांट्रेक्ट लेबर एक्ट के अनुसार ठेका मजदूरों को 8.33 प्रतिशत बोनस राशि का भुगतान दीवाली तक किया जाएगा।

# गोलीकांड के तीनों आरोपी भेजे गए जेल, सरगना की तलाश के लिए 6 सदस्यीय टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम कसनिया में हुए फायरिंग के मामले में पुलिस ने पहले ही इस मामले से जुड़े तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया था और तीनों लोगों को पुलिस ने जेल भेज दिया है लेकिन अब तक इस गोलीकांड का मास्टरमाइंड फरार है। जिसकी धरपकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने 6 सदस्य टीम का गठन किया है। यह टीम अब फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश में जुटी हुई है।

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कसनिया निवासी के घर में बुधवार की देर रात लगभग 11 बजे मोटरसाइकिल में सवार होकर एक युवक पहुंचा था जिसने अपने पास में रखे कट्टे से दो बार फायरिंग कर दी थी घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया था और जिला पुलिस को सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी सहित पुलिस अधिकारी हरकत में आए थे और पुलिस की टीम ने गोलीकांड में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। इस मामले में पुलिस ने उत्तर प्रदेश निवासी एक शूटर सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर तीनों आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है जबकि इस मामले का एक मास्टर माइंड अभी फरार चल रहा है जिसकी धरपकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने साइबर सेल के तीन अधिकारी कर्मचारी और कटघोरा थाने के तीन अधिकारी कर्मचारियों की सहित कुल 6 लोगों की टीम गठित की है। जहां यह टीम मामले में फरार चल रहे हैं मास्टरमाइंड की धरपकड़ के लिए आरोपी की सरगर्मी से खोजबीन में जुटी हुई है।

#### खास बातें

- कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम कसनिया में हुई थी फायरिंग
- रात्रि में मोटर साइकिल में सवार होकर पहुंचा था आरोपी युवक

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444



## खबर संक्षेप

### शरीर पर ज्योत जवारा के साथ अनोखी आराधना



**बिर्रा।** सक्ती जिले के जनपद पंचायत जैजैपुर अंतर्गत गौरव ग्राम पंचायत मल्दा में शारदीय क्वार नवरात्र पर अनोखी आस्था और भक्ति का नज़ारा देखने को मिल रहा है। रामसागर सड़क पारा निवासी 26 वर्षीय रामकीर्तन कश्यप ने जय ठकुराइन दाई मंदिर में अपने शरीर पर जवारा बोकर ज्योति कलश की स्थापना की है। भक्त रामकीर्तन लगातार नौ दिन और नौ रात तक इसी अवस्था में माता की आराधना करेंगे। भक्त ने शरीर पर लाल चुनरी बिछाकर लेटे हुए अवस्था में पूरे शरीर में जवारा बोया है। यही नहीं, उनके ऊपर ज्योति कलश भी स्थापित किया गया है। इस दौरान उन्हें सुबह और शाम केवल आधा कप दुर्वा (दुबी) का रस और थोड़ा नींबू का रस पिलाया जाता है, ताकि उनका गला सूख न जाए। पूरे नौ दिन तक वे इसी तरह साधना करेंगे। मंदिर के पुजारी सुंदरलाल कश्यप, बैगा रामनाथ कश्यप और महेश कश्यप ने बताया कि यह रामकीर्तन का लगातार दूसरा वर्ष है जब उन्होंने इस अनोखी तपस्या को अपनाया है। ठकुराइन दाई मंदिर मल्दा में कुल 29 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं।

### रात्रि में खड़े वाहनों से चोरी करने वाले 3 आरोपी से 40 लीटर डीजल जब्त

**जांजगीर-चांपा।** रात्रि में खड़े वाहनों से डीजल चोरी करने वाले खरीददार सहित तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उसके कब्जे से 40 लीटर डीजल की जब्ती बनाई गई है। मामला चांपा थाना का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार टाटा मोटर्स हाथनेवरा चौक मैं अकाउंटेंट संदीप कुमार अग्रवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 24 सितंबर को ट्रेलर क्रमांक सीजी 11 बीएस 5543 एवं सीजी 11 बीडी 2052 तथा सीजी 25 एम 4059 सर्विसिंग के लिए आई थी। रात्रि 24 सितंबर को रात्रि में अज्ञात चोरों के द्वारा बाउंड्री के अंदर घुसकर पार्किंग में खड़ी ट्रेलर वाहनों से करीबन 50 लीटर डीजल चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी बिरजू सूर्यवंशी, संजय रोहिदास एवं डीजल खरीददार अमित साहू को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### एसपी ने पीड़ित परिवार की बेटियों की शिक्षा की उठाई जिम्मेदारी

बिर्रा। थाना बिर्रा क्षेत्रांतर्गत ग्राम करही गांव में हुए तीन हत्या कांड के पीड़ित परिवारों की बेटियों की शिक्षा की जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने ली। मृतक महेन्द्र बघेल की नन्ही बेटी मायरा बघेल का अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में एडमिशन कर पूरा वार्षिक शुल्क व ट्रांसपोर्ट शुल्क स्वयं वहन करने का संकल्प लिया। मृतक मनोज कश्यप की बेटी सोनिया कश्यप को स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया गया। गौरतलब है कि बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम करही में माह सितम्बर में हुई तीन हत्या की घटना के बाद मृतक परिवार गहरे शोक और आर्थिक कठिनाई से गुजर रहे थे। विपरीत परिस्थितियों में बच्चों की शिक्षा बाधित हो रही थी। इस पीड़ा को समझते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार एवं थाना प्रभारी बिर्रा जय कुमार साहू के साथ घर जाकर पीड़ित परिवारों से भेंट की और उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान मृतक उपसरपंच महेन्द्र बघेल की नन्ही बेटी कु मायरा बघेल, जो ग्राम पेण्ड्री (जिला सक्ती) स्थित एम.एस. कश्यप बाल संस्कार अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में अध्ययनरत है, परिवार में विपत्ति एवं आर्थिक स्थिति के कारण अपनी पढ़ाई जारी नहीं रख पा रही थी। पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशीलता दिखाते हुए मायरा की पूरे शैक्षणिक सत्र (2025-26) की फीस व ट्रांसपोर्ट शुल्क स्वयं वहन करने का संकल्प लिया। थाना प्रभारी बिर्रा जयकुमार साहू की टीम ने विद्यालय जाकर संपूर्ण शुल्क का भुगतान किया।

### 102 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ 7 आरोपी गिरफ्तार

**हसौद।** थाना हसौद पुलिस ने अवैध शराब कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम देवरघटा और हसौद में दबिश देकर सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 102 लीटर कच्ची महुआ शराब, दो मोटरसाइकिल सहित 90,200 रुपए की संपत्ति जब्त की है। घटना 25-26 सितंबर की दरम्यानी रात की है। पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम देवरघटा में हुसन बंजारे, दिलीप कुमार आजाद और डिहीराम बंजारे अवैध शराब बिक्री के लिए रखे हैं। साथ ही संदीप आजाद, प्रभात आजाद, उमेश कुमार आजाद और रोमियो लहरे शराब को मोटरसाइकिल से परिवहन कर रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र यादव के नेतृत्व में टीम गठित कर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान हुसन बंजारे के कब्जे से 10 लीटर, दिलीप आजाद से 30 लीटर, डिहीराम बंजारे से 12 लीटर, प्रभात आजाद से 30 लीटर और उमेश कुमार आजाद से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। वहीं संदीप आजाद से लाल रंग की हीरो होंडा सीडी डॉन बाइक और रोमियो लहरे से काली हीरो पैशन प्रो बाइक जब्त की गई।

## क्यूआर स्कैन कर घर बैठे करों का होगा भुगतान

# घर-घर लगाई जाएगी डिजिटल डोर नम्बर प्लेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम में डिजिटल क्रांति की शुरूआत की कड़ी में निगम द्वारा अपने क्षेत्र के समस्त घरों व दुकानो में डिजिटल डोर नम्बर प्लेट लगाए जाएंगे, जिनकी शुरूआत कर दी गई है। प्लेट में लगे क्यूआर का स्कैन कर आम नागरिक घर बैठे निगम के समस्त करों की जानकारी व भुगतान करने के साथ ही निगम की विभिन्न सेवाओं व सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों को भी दर्ज कराकर उनका त्वरित निराकरण पाएंगे, वहीं आपातकालीन सेवाएं भी प्राप्त कर सकेंगे। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आयुक्त आशुतोष पाण्डेय व सभापति नूतन सिंह ठाकुर की उपस्थिति में डिजिटल डोर नम्बर प्लेट सिस्टम की लाचिंग की।

नगर निगम द्वारा निगम के डिजिटलीकरण की शुरूआत करते हुए डिजिटल डोर नम्बर प्लेट सिस्टम की लाचिंग की है। घंटाघर स्थित साहित्य भवन सभागार में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, मेयर इन काउंसिल के सदस्य अजय कुमार चन्द्रा व ममता यादव की उपस्थिति में मॉ सरस्वती की पूजा अर्चना कर एवं डिजिटल नम्बर प्लेट सिस्टम का कम्प्यूटर बटन ऑन कर सिस्टम की लाचिंग की। निगम द्वारा डिजिटल डोर नम्बर प्लेट एक अनोखी पहल है, जो घरों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को डिजिटल नम्बर प्रदान करती है, यह तकनीक क्यू.आर.कोड व जियो टैगिंग जैसी सुविधाओं के साथ है, जिसमें निगम के करों का भुगतान, नागरिक सेवाओं व शिकायतों से जुड़ी शिकायतों व आपातकालीन सेवाओं सहित अन्य सेवाओं को शामिल किया गया है। इस दौरान महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि घरों व दुकानों में डिजिटल डोर नम्बर प्लेट लगने से नागरिकों को घर बैठे विभिन्न सुविधाएं मिल सकेंगी, निगम में यह डिजिटलीकरण की शुरूआत व एक अनोखी पहल है। उन्होंने कहा कि निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की सकारात्मक सोच व उनकी इच्छाशक्ति से यह व्यवस्था आईसीआईसीआई बैंक के सहयोग से लागू की जा रही है, जिसके लिए मैं निगम आयुक्त श्री पाण्डेय को साधुवाद देती हूं।



कार्यक्रम में उपस्थित महापौर संजूदेवी राजपूत, निगम आयुक्त एवं अन्य।

**नगर निगम डिजिटल नगर निगम बनने की ओर अग्रसर**

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि नगर निगम अब डिजिटल नगर निगम बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। शुक्रवार को महापौर के द्वारा डिजिटल डोर नम्बर प्लेट सिस्टम की लाचिंग की गई है। यह निगम के डिजिटल क्रांति की क्षण है। पहले जो काम मेन्युअल रूप से किए जाते थे, वह अब डिजिटल रूप से किए जाएंगे, निगम के करदाता घर बैठे अपने सभी करों का भुगता कर सकेंगे, वहीं साफ-सफाई, पेयजल, भवन अनुज्ञा, स्ट्रीट लाईट व निगम सेवाओं से संबंधित अन्य कार्यों से जुड़ी शिकायतें क्यू.आर.कोड स्कैन कर भेजी जा सकेंगी। जो सीधे संबंधित अधिकारियों के पास पहुंचेगी तथा उनका त्वरित निराकरण होगा।

# महापौर, आयुक्त ने लिया रामलीला आयोजन की तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने घंटाघर ओपन थियेटर मैदान स्थित रामलीला स्थल पहुंचकर रामलीला आयोजन की विभिन्न तैयारियों का जायजा लिया तथा निगम के अधिकारियों की स्थल पर ही बैठक लेकर तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर आयोजन समिति के सचिव व पार्षद अशोक चावलानी सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी व आयोजन समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

नगर निगम द्वारा महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की विशेष पहल पर पहली बार भव्य रामलीला एवं दशहरा मेला का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 10.30 बजे तक होगा, जिसमें बनारस की प्रसिद्ध रामलीला मंडली द्वारा रामलीला का मंचन, भव्य लेजर शो से रामायण प्रदर्शन व मनोहारी आतिशबाजी एवं रावण दहन का कार्यक्रम रखा गया है। नगर निगम द्वारा स्थल पर भव्य डोम स्थापित कर आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने रामलीला स्थल पहुंचकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने स्थल पर अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए उनका मार्गदर्शन किया। उन्होने इस दौरान मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, राम दरबार मंच, दर्शनदीर्घा, मंच संचालन, बेरिकेटिंग, डेकोरेशन एवं लाईटिंग व विद्युत व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल, प्रसाद वितरण व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई तथा स्थल पर शासकीय योजनाओं के स्टाल सहित अन्य विभिन्न व्यवस्थाओं पर अधिकारियों का मार्गदर्शन किया।

# मजदूरी घोटाला, शोषण के खिलाफ मजदूरों का अल्टीमेटम, मांगें पूरी नहीं तो होगा आंदोलन



ज्ञापन सौंपने के दौरान ठेका श्रमिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोड़ीउपरोड़ा जनपद पंचायत के सरपंच अध्यक्ष प्रताप सिंह मरावी ने स्थानीय मजदूरों के साथ मिलकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, पोड़ी उपरोड़ा को एसईसीएल रानी अटारी एवं विजय वेस्ट खदान में मजदूरी घोटाले, ठेकेदारों की मनमानी और श्रमिकों के शोषण को लेकर ज्ञापन सौंपा है। मजदूरों का आरोप है कि ठेकेदार मजदूरी दर शासन के मानक के अनुसार नहीं दे रहे हैं। बैंक खातों में आंशिक मजदूरी राशि जमा करने के बाद उसमें से भी कटौती कर ली जाती है, जो मजदूर विरोध करते हैं, उन्हें दूसरी खदानों में ट्रांसफर कर प्रताड़ित किया जाता है। यह खेल पिछले 10 वर्षों से जारी है। मजदूरों ने दोषी ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट कर हटाने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि असंगठित मजदूरों को प्रतिदिन 1285 रुपये निर्धारित दर के बजाय केवल 500 से 600 रुपये तक का भुगतान किया जा रहा है। वहीं कैंटीन, कुक, वेटर, स्वीपर और ड्राइवर वर्ग के श्रमिकों से भी न्यूनतम वेतन से कम राशि देकर काम लिया जा रहा है। मजदूरों ने सभी श्रमिकों को वास्तविक मजदूरी सीधे बैंक खातों में भुगतान करने की मांग की है। इसके साथ ही खदान क्षेत्र में पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, 24 घंटे एंबुलेंस, डॉक्टर किट, मजदूरों को सेफ्टी किट, साबुन, गमछा और गुड़ जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई है। मजदूरों ने कहा कि पहले भी प्रबंधन और ठेकेदारों के साथ बैठक हो चुकी है, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकला। मजदूरों ने चेतावनी दी है कि यदि चार दिवस के भीतर समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो 30 सितंबर मंगलवार से खदानों में उत्पादन और परिवहन कार्य को अनिश्चितकालीन बंद कर दिया जाएगा। इस दौरान उत्पन्न स्थिति की पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन एवं शासन-प्रशासन की होगी।

**खास बातें**

- रानी अटारी विजय वेस्ट खदान का मामला
- पोड़ी उपरोड़ा जनपद पंचायत के सरपंच अध्यक्ष ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**ये हैं मांगे**

दोषी ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट कर हटाया जाए। सभी श्रमिकों को वास्तविक मजदूरी सीधे बैंक खातों में दी जाए। पेयजल, सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाए। खदान क्षेत्र में 24 घंटे एंबुलेंस व डॉक्टर किट की व्यवस्था हो। मजदूरों को सेफ्टी किट, साबुन, गमछा और गुड़ प्रत्येक माह दिया जाए। खदान क्षेत्र में श्रमिक श्रेणियों के हिसाब से मजदूरी दर का बोर्ड लगाया जाए।

# जीएसटी सुधार महज कर प्रणाली में बदलाव नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का संकल्पः गोपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



व्यापारियों को जीएसटी सुधार की जानकारी देते भाजपा नेता।

घंटाघर, निहारीका, दर्री सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी की अगुवाई में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी बचत उत्सव के अवसर पर व्यापारियों, उद्योगपतियों, स्थानीय व्यवसायिक समुदाय और आम नागरिकों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए जीएसटी सुधारों की जानकारी साझा की गई।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने आम नागरिकों के हितों की सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। जीएसटी सुधार केवल कर प्रणाली में बदलाव मात्र नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का संकल्प है। इससे कराधान पारदर्शी होगा, भाजपा सदैव स्वस्थ्य व्यापार व उद्योग जगत की आवाज को ताकत देती हैं। श्री मोदी ने आगे कहा कि भाजपा का लक्ष्य सिर्फ कर संग्रह नहीं बल्कि व्यापार को सरल बनाकर आर्थिक विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाना है। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे इन सुधारों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं व शासन की जनहितकारी नीतियो को आम उपभोक्ता तक पहुंचाये और डिजिटल प्रक्रियाओं को अपनाकर नई अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनें। संवाद कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, एमआईसी सदस्य सदस्य हितानंद अग्रवाल, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, जिला महामंत्री अजय विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष मंजू सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अजय पांडेय, मंडल अध्यक्ष डॉ. राजेश राठौर, ज्योति वर्मा, जिला सह मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र यादव, नीरज ठाकुर, संजीव शर्मा, पुष्पकला साहू, प्रकाश अग्रवाल, भरत सोनी सहित अनेक भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने व्यापारियों को जीएसटी सुधारों से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से जानकारी भी दी।

# एसईसीएल में अखिल भारतीय कवि सम्मलेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल वसंत विहार स्थित टैगोर हाल में गुरूवार को अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन के मुख्य आतिथ्य, श्रद्धा महिला मण्डल अध्यक्षा श्रीमति शशि दुहन, श्रद्धा महिला मण्डल उपध्यक्षा श्रीमति इप्शिता दास, उपध्यक्षा श्रीमति विनीता जैन, उपध्यक्षा श्रीमति शुभश्री महापात्रा, एसईसीएल संचालन समिति, एसईसीएल कल्याण मण्डल, एसईसीएल सुरक्षा समिति, सी ए म ओ ए आ ई , सिस्टा,ओबीसी, विभिन्न श्रम संघ प्रतिनिधियों, विभिन्न विभागाध्यक्षों, अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिती मे राजभाषा पखवाड़ा अंतर्गत एसईसीएल शीर्ष प्रबंधन के सदइच्छा के अनुरूप पूर्व निर्धारित रंगारंग सरस हास्य से भरपूर अखिल भारतीय कवि सम्मलेन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने सभी कवियों का स्वागत व अभिनंदन करते हुए कहा कि राजभाषा पखवाड़ा 2025 अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर का यह हास्य कवि सम्मलेन का आयोजन निश्चय ही प्रसंशनीय है, इससे हिन्दी को अवश्य ही बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने उपस्थित कवियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा हमारे देश के सिद्धहस्त ये सभी कविगण शब्दों को गढ़ते हैं, समाज को दिशा देते हैं। इस कार्यक्रम मे हास्य व्यंग के शिखर कवि पद्मश्री अशोक चक्रधर-दिल्ली, मंच संचालक श्रीकुमार बीजेन्द्र रांची, हास्य का हंगामा सुंदर कटारिया गुड़गांव, दिलकश गीतकार स्वयं श्रीवास्तव-उन्नाव, हास्य के वायरल कवि अरुण जेमिनी दिल्ली, श्रृंगार की बड़ी कवियत्री श्रीमति मुमताज नसीम अलीगढ़ एवं प्रसिद्ध कवियत्री डॉ॰ मणिका दुबे - सिहोर ने अपने हास्य, दिलकश, श्रृंगार रस की प्रस्तुतियों से दर्शकवृंद का ध्यान आकृष्ट किया।

**खास बात**

- राजभाषा पखवाड़ा अंतर्गत एसईसीएल शीर्ष प्रबंधन के तहत आयोजित हुआ रंगारंग हास्य कवि सम्मेलन



कार्यक्रम में प्रस्तुती देते कवि एवं मस्चथ अतिथि व कविगण।

# श्री सर्वेश्वरी समूह का स्थापना दिवस में शामिल हुए मंत्री देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्री सर्वेश्वरी समूह के सेवा कार्य सराहनीय व अनुकरणीय हैं। सामाजिक संस्थाओं में सर्वेश्वरी समूह अग्रणी है। उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने बालकोनगर दैहानपारा स्थित अवधूत आश्रम में आयोजित श्री सर्वेश्वरी समूह के 65वें स्थापना दिवस समारोह में कही। श्री देवांगन ने कहा कि अघोरेश्वर भगवान राम का मार्ग मानवता को सत्य के मार्ग पर ले जाने वाला है। उन्होंने कहा कि पूज्य बाबा की कृपा ग्रहण करने की पात्रता हम सबको विकसित करनी चाहिए। परस्पर सहयोग और सद्भावना से पूज्य अघोरेश्वर के मानव एवं राष्ट्र सेवा के संकल्प को हम सभी निरंतर आगे बढ़ाएं। कार्यक्रम को पार्षद और अवधूत भगवान राम सेवाश्रम बालकोनगर के पदाधिकारी सत्येंद्र दुबे, शाखा मंत्री श्री संतोष शांडिल्य ने भी संबोधित किया। समूह के 19 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत आश्रम प्रांगण से प्रभात फेरी निकाली गई। श्रद्धालुओं ने सफलयोनी पाठ किया। बालकोनगर के सभी मंदिरों, मस्जिद, चर्च और गुरुद्वारा में झाड़ु वितरण किया गया। संध्या भजन-कीर्तन के बाद विचार गोष्ठी आयोजित की गई। अशोक सिंह, मनीष शांडिल्य, आलोक शर्मा, कृषानु दास, अशोक कुमार, गुलाब राणा, सेवक सिंह क्षत्रिय, रामायण सूर्यवंशी, आलोक शर्मा, राधेश्याम कुंभकार, श्रीमती राजकुमारी देवांगन, श्रीमती विमला क्षत्रिय, श्रीमती अलका सिंह, श्रीमती हेमलता शांडिल्य, श्रीमती बिंदु दुबे, श्रीमती कुसुम शर्मा, सुश्री ज्योति शर्मा ने आयोजन में योगदान रहा।




## कलेक्टर, महापौर व आयुक्त हुए शामिल

# राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुर्वेद दिवस पर आयुर्वेदा फॉर पीपुल एंड प्लांनेट थीम अनुरूप आयुर्वेद दिवस मनाते हुए रन फॉर आयुर्वेदा, योगा एवं संगोष्ठी कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ रन फॉर आयुर्वेदा नगर निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा में छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया। जिसमें 190 छात्राओं ने भागीदारी निभाई।

आयुष संचलानालय रायपुर एवं कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत एवं निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ. उदय शर्मा के नेतृत्व में दसवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया गया। शाला में उपस्थित समस्त छात्राओं को योग कराया गया। तत्पश्चात शाला में योगा एवं आयुर्वेद से संबंधित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए पुरूस्कार वितरण किया गया। संगोष्ठी कार्यक्रम, एकेडेमिक ओरियंटटेशन कार्यक्रम, सेमीनर एवं वाद-विवाद तथा पेनल डिस्कसन का आयुष विभाग द्वारा आयोजन किया गया। दसवें आयुर्वेद दिवस का कार्यक्रम के अवसर पर शासकीय आयुश पॉलीक्लिनिक डिंगापुर कोरबा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मरीजों को आयुष पद्धति से उपचार कर लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. उदय शर्मा द्वारा आयुर्वेद दिवस शपथ-पत्र का वाचन कराया गया, जिसमें आयुर्वेद एवं भारतीय परम्परागत चिकित्सा पद्धति के सरंक्षण एवं संवर्धन तथा प्रकृति एवं पर्यावरण का संरक्षण हेतु सबने मिलकर शपथ लिया। शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक रामपुर परिसर में वृक्षारोपण किया गया।



कार्यक्रम के दौरान अतिथि एवं अन्य।

# वनमण्डलाधिकारी प्रेमलता ने किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आईएफएस प्रेमलता यादव कोरबा पहुंचीं और कोरबा वनमण्डल कार्यालय पहुंचकर नए वनमण्डलाधिकारी के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया। करीब दो महीने से वनमण्डलाधिकारी कोरबा प्रभार में चल रहा था और कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत कोरबा डीएफओ का कामकाज देख रहे थे। शुक्रवार की दोपहर 2.15 बजे प्रेमलता यादव के वनमण्डल कार्यालय पहुंचने पर अधिकारियों-कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। प्रभारी डीएफओ कुमार निशांत ने उन्हें कार्यभार सौंपा। श्रीमती प्रेमलता यादव 2015 बैच के आईएफएस अधिकारी हैं। वे कटघोरा में प्रशिक्षु के तौर पर एसडीओ के रूप में अपनी सेवा दीं और कटघोरा वनमण्डल में बतौर वनमण्डलाधिकारी के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। वे रायपुर में प्रतिनियुक्ति पर अपनी सेवाएं दे रहे थे और उन्हें अब कोरबा डीएफओ के रूप में पदस्थ किया गया है।



## खबर संक्षेप



### स्कूली छात्र छात्राओं को पाठ्य सामग्री का किया वितरण

**कोरबा।** वार्ड क्रमांक 42 में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा सेवा पखवाड़ा तथा पं. दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिवस के अवसर पर पार्षद सत्येंद्र दुबे ने प्राथमिक शाला सेक्टर 4 में विद्यार्थियों को पाठ्यत्र सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर महिला मोर्चा की अध्यक्षा अर्चना रुनिझा, महिला मोर्चा महामंत्री हेमलता निर्मलकर, उपाध्यक्ष रेणु प्रसाद, मालती वर्मा, सुनीता उपाध्याय, बोधिन राठौर एवं विद्यालय की प्रधान अध्यापिका अनिता बर्मन, शिक्षिका बबिता चौधरी व अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहे।

### ऋचा ने अंतराष्ट्रीय कोच से ट्रेनिंग लेने पहुंची रायपुर



**कोरबा।** विवेकानंद मर्टियल आर्ट्स फिटनेस क्लब रायपुर द्वारा आयोजित किया गया ओपन इंटर नेशनल म्यु थाई ट्रेनिंग कैंप में प्रदेशभर के खिलाड़ी शामिल हुए। वहीं जिले की खिलाडी व पीजी कॉलेज की छात्रा सुश्री ऋचा स्वर्णकार ट्रेनिंग में पहुँची थी। उन्होंने ग्रैंड मास्टर क्रू सुफान थाईलैंड से और ग्रैंड मास्टर क्रू मामी सातो जापान से प्रशिक्षण ली। म्यु थाइ की प्रतियोगिता, जीवन और कल्चर के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। सभी को आत्मरक्षा रोड फाइट की भी जानकारी दी गई। ऋचा स्वर्णकार ने बताया कि उनके घर में भी माता पिता हमेशा ऐसे कार्यों के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करते हैं आज जो भी है जहा भी सब उन्हीं की वजह से है जीवन में माता पिता और गुरु की अहम भूमिका है। उनके स्कूल कॉलेज के शिक्षक हमेशा साथ देते हैं। प्रो अजय कुमार पटेल और प्रो मधु जिन्होंने हमेशा साथ दिया और आगे बढ़ने के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया।

### गायत्री प्रज्ञापीठ द्वारा विभिन्न संस्कारों का किया आयोजन



**कोरबा।** गायत्री प्रज्ञा पीठ बालको नगर द्वारा शारदीय कुंवार नवरात्रि पर्व के उपलक्ष में प्रज्ञापीठ में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ विभिन्न संस्कारों का आयोजन किया गया है, यह आयोजन नवरात्रि के प्रथम दिवस से प्रारंभ है यहां अन्नप्राशन, उपनयन मुंडन संस्कार, विद्याआरंभ संस्कार, पुंसवन संस्कार, विवाह संस्कार जन्म दिवस आदि संस्कारों को उत्सव के रूप में प्रज्ञापीठ में मनाया जा रहा है,जहां गायत्री प्रज्ञापीठ के सभी कार्यकर्ता परिवार से जुड़े सदस्य और भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहती है। अंतिम दिवस पूर्णाहुति,कन्या पूजन और भोग भंडारा के साथ यह यज्ञ पूर्ण होगा, शक्तिपीठ के सदस्यों ने सभी से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सनातन संस्कारों का उत्सव मनाने आग्रह किये है।

### भाई को दी गाड़ी, मांगने पर नहीं दे रहा वापस, मामला दर्ज

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बी-2 एस.एस.ग्रीन कालोनी निवासी रौनक भज्जनका उम्र 29 वर्ष पिता राजकुमार अग्रवाल ने थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह स्वीप्ट डिजायर क्र. सीजी -24 सी 5815 की पंजीकृत स्वामी है। लगभग 7-8 माह पूर्व रौनक के बड़े पिता के पुत्र रोहित अग्रवाल पिता विजय अग्रवाल, निवासी आर्शीवाद वेली, बिलासपुर हाईकोर्ट के द्वारा अपनी गाड़ी खराब होने की बात कहते हुए रौनक की कार को 2 माह के लिए मांगा गया जिस पर रौनक ने अपनी गाड़ी को दे दिया। जिसके बाद काफी महीनों तक रौनक की कार को वापस ना करने पर रौनक के द्वारा अपनी कार को वापस मांगा तो रोहित अग्रवाल के द्वारा रौनक की कार को वापस ना करते हुए रौनक के साथ गाली गलौच किया जा रहा है तथा रौनक को उसके कार में गांजा व चरस रख कर बेचने की बात कहकर रौनक का भयादोहन भी किया जा रहा है। मामले में रौनक की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा रोहित अग्रवाल के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत लगा शिविर

**कोरबा।** जिले में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जा रहा है। 24, 25 एवं 26 सितंबर को आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में लगभग 17सौ गर्भवती महिलाओं का पंजीयन किया गया जिसमें 642 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाएँ जाँच एवं उपचार हेतु उपस्थित हुई। कलेक्टर अजीत वसंत एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के नागरिकों जनप्रतिनिधियों से अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं की शिविर में जाँच कराने हेतु प्रेरित करने का आग्रह किया है। जिससे बिमारियों की पहचान तथा गर्भवती महिलाओं में उच्च जोखिम गर्भावस्था की समय पर जानकारी हो सके साथ ही उनकी सतत निगरानी एवं अन्य विमारियों की पहचान हो सके।

## पायलट प्रोजेक्ट के तहत पीएचई विभाग ने गाड़ापाली ग्राम पंचायत का किया चयन

# ग्रामीण अंचल में जल कर वसूलने की जिम्मेदारी सहकारी समिति को देने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जल जीवन मिशन सहित पीएचई विभाग की अन्य पेयजल योजनाएं जिनसे ग्रामीणों के घर घर पानी पहुंच रहा है उनसे जल कर वसूलने के लिए अब ग्राम पंचायतों के बजाए सहकारी समिति को जिम्मेदारी दिए जाने की तैयारी शासन स्तर पर चल रही है। इसके लिए पायलट प्रोजेक्ट के तहत कोरबा जिले से गाड़ापाली ग्राम पंचायत का चयन किया गया है।

**खास बात**

- 80 रुपए प्रतिमाह की दर से वसूला जाएगा जल कर



ग्राम पंचायतों के द्वारा पेयजल योजनाओं के सही ढंग से संचालन नहीं करने टंकियों के रखरखाव में उदासीनता बरतने एवं जल कर नहीं वसूलने जैसे मामले लगातार सामने आ रहे हैं। पंचायतों की लापरवाही का परिणाम है कि जल जीवन मिशन की कई योजनाएं पूर्ण तो हो गई हैं किंतु घर घर तक अभी भी पानी नहीं पहुंच रहा है। किंतु वहां के सरपंचों ने ठेकेदारों से सांठगांठ कर पूर्णतः प्रमाण पत्र जारी कर दिया। इसके परिणाम स्वरुप ठेकेदारों को बिल का भुगतान कर दिया गया। ग्राम पंचायतों की लापरवाही के कारण ही पेयजल योजना के हजारों रुपए की राशि योजना संचालित होने वाले ग्राम पंचायतों से नहीं वसूली जा सकी है। इस तरह के मामले सामने आने के बाद अब जिले में पायलट प्रोजेक्ट लागू करने की तैयारी हो रही है। राज्य शासन ने प्रयोग के तौर पर प्रत्येक जिले से एक एक नाम मांगे हैं। इसके तहत कोरबा जिले से ग्राम पंचायत गाड़ापाली का चयन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा किया गया है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत चयनित किए गए ग्राम पंचायत गाड़ापाली में जल कर की वसूली अब वहां के ग्राम पंचायत नहीं करेगी। अपितु उसकी जगह आदिवासी सेवा सहकारी समिति जल कर की वसूली करेगी जो 80 रुपए प्रतिमाह के दर से वसूला जाएगा।

**सफल हुआ तो सभी पंचायतों में होगा लागू**

पायलट प्रोजेक्ट के तहत चयनित किए गए गाड़ापाली में अगर जल कर वसूली का कार्य करने में सहकारी समिति सफल होती है तो इस प्रोजेक्ट को जिले के सभी ग्राम पंचायतों में लागू कर जल कर वसूली का काम आदिवासी सेवा सहकारी समिति को सौंप दिया जाएगा। जिले में इस समय 55 आदिवासी सेवा सहकारी समितियां है जो फिलहाल धान खरीदी और खाद बीज वितरण का काम करती है। इन दो कार्यों के अलावा समितियों के पास कोई काम नहीं रहता। जबकि उनके पास पर्याप्त अमला भी मौजूद है। वहीं पंचायत के पास ऐसा कोई अमला मौजूद नहीं है जिसके माध्मय से जल कर की वसूली हो सके।

**सहकारी समितियों को किया जा रहा अपडेट**

जिले के सभी सहकारी समितियों को ऑनलाइन व्यवस्था से जोड़ दिया गया है। सभी समितियां कम्प्यूटराईज्ड हो गई है। धान खरीदी से लेकर खाद बीज वितरण के रिकार्ड अब ऑनलाइन रखे जा रहे हैं। वर्षों पुरानी मैनुअल व्यवस्था को बंद कर दिया गया है। वहीं सहकारी समितियों में च्वाईस सेंटर शुरु करते हुए वहां के प्रबंधकों को आईडी भी जारी किया गया है। इस तरह से सहकारी समितियां राज्य शासन की ऑनलाइन व्यवस्था से जुड़ चुकी है। जल कर वसूली का कार्य मिलने के बाद अब सहकारी समितियों के पास वर्षभर कार्य की व्यवस्था हो जाएगी और अमले का उपयोग भी किया जा सकेगा।

# बेहतर कोरबा व छत्तीसगढ़ बनाने के लिए जिले की दक्षता को बढ़ाना सुनिश्चित करें : नेहरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। श्री निषाद ने अधिकारियों से जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग के कल्याण हेतु संचालित केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और योजनाओं का धरातल पर बेहतर क्रियान्वयन कर समाज के अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुचाने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर अजीत वसंत, निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिनेश नाग, सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरभेले, अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, सचिव राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग संकल्प साहू, सहायक अनुसंधान अधिकारी श्रीमती अनिता डेकाटे, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग श्रीकांत कसेर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में अध्यक्ष श्री निषाद ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार पारदर्शिता के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन की दिशा में सतत आगे बढ़ रही है। योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन हेतु हम सभी संवाहक के रूप में कार्य करते है। इस हेतु हम सभी को लक्ष्यपूर्ति के लिए योजना बनाकर मेहनत करना है। 2047 तक भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में विश्व मानचित्र में अंकित करना है। उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं का जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देशित किया कि जागरूकता के अभाव में वंचित रह रहे पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए। तकनीकी कारणों या त्रुटिवश लाभ प्राप्त करने में आ रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए प्रभावी प्रयास करने की बात कही।



बैठक को संबोधित करते पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरुराम व अन्य।

### एचटीपीएस चिकित्सालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**कोरबा।** हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम के विभागीय चिकित्सालय में सेवा पखवाड़ा के तहत 24 सितंबर को सुबह 10 बजे से 5 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया है। इसके दूसरे दिन 25 सितंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। शासकीय कार्यक्रम के अनुसार यहां सेवा पखवाड़ा का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जा रहा है। गुरूवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ (न्यूरो सर्जन) डॉ. प्रदीप त्रिपाठी (एमबीबीएस., एमएस. एमसीएच. न्यूरो) एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ (आर्थोपेडिक सर्जन) डॉ. श्रीयस गूगुसकर (एमबीबीएस. डीएनबी. आर्थोपेडिक्स) चिकित्सा परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। मुख्य अभियंता पीके श्रीवास्तव शिविर का औपचारिक शुभारंभ किया।

# रेल यात्री सुविधा बढ़ाने के लिए रेल प्रबंधन के पास समय की कमी : ज्योत्सना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सांसद ज्योत्सना महंत लगातार रेल यात्री सुविधा को लेकर काफी सक्रिय है, श्रीमती महंत द्वारा हर अवसर पर रेल संबंधी मुद्दे न केवल उठाए जा रहे हैं बल्कि बिलासपुर रेल प्रबंधन से लेकर केंद्रीय रेलमंत्री तक मुलाकात कर उन्होंने यात्री गाड़ी/रेल यात्री सुविधा बढ़ाने हेतु मांग पत्र भी सौंपा। अभी हाल ही में जब सांसद ज्योत्सना महंत ने यात्री गाड़ियों एवं माल गाड़ियों के परिचालन के संबध में जानकारी मांगी तो दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने लिखित में उन्हें जानकारी दी।

महाप्रबंक की जानकारी से यह बात पूरी तरह से स्पष्ट होती है कि फिलहाल माल गाड़ियों पर ही उनका पूरा जोर है, जिले में स्थित कोयला खदानों से कोयला लोडिंग कर संचालन किया जा रहा हैं। महाप्रबंधक के बताए अनुसार यहां प्रतिदिन 77 माल गाड़ियों का लोडिंग और संचालन किया जाता हैं। एक अनुमान के मुताबिक एक माल गाड़ी में कोयला लोडिंग करने में करीब 15 मिटन का समय लगता होगा, इस प्रकार 77 मालगाड़ियों में करीब 19 घंटे 25 मिनट का समय लगता है। इस प्रकार देखा जाए तो यात्री गाड़ी की सुविधा बढ़ाने के लिए रेल प्रबंधन के पास समय ही नहीं है। प्रतिदिन 24 घंटे में 19 घंटे 25 मिनट तो कोयला लोडिंग करने वाली माल गाड़ियों में ही निकल जा रहा। ऐसी स्थिति में कोरबा में यात्री रेल सुविधा बढ़ने की कल्पना फिलहाल तो नहीं की जा सकती। क्योंकि उसके लिए रेल लाइन के अतिरिक्त यात्री गाड़ी के लिए वह समय निकालना पड़ेगा जिससे कोयला लोडिंग का कार्य प्रभावित न हो। जानकारी के अनुसार रेल प्रबंधन टाइम मैनेजमेंट में इसलिए दिलचस्प नहीं ले रहा हैं क्योंकि यात्री गाड़ी बढ़ाने से निश्चित ही माल गाड़ियों की आवाजाही और कोयला लोडिंग का कार्य प्रभावित होगा।



सांसद।

# पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन की मनाई गई 93वीं जयंती




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कांग्रेस कार्यालय टीपी नगर में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह की 93वीं जयंती कार्यक्रम मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ.मनमोहन सिंह के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। डॉ.मनमोहन के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि डॉ.सिंह अपनी नम्रता कर्मठता और कार्य के प्रति प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं। डॉ.मनमोहन सिंह ने भारत के वित्त मंत्री के रूप में भी कार्य किया जो भारत के आर्थिक इतिहास में एक निर्णायक समय के रूप में याद किया जाता है। उनके आर्थिक सुधारों को लागू करने की उनकी भूमिका की सभी ने सराहना की थी। बुधवारी वार्ड क्र.23 के पार्षद सुकसागर निर्मलकर ने पूर्व प्रधान मंत्री डॉ.मनमोहन सिंह को याद करते हुए कहा कि डॉ.सिंह राजनीति में आने पहले अर्थशास्त्र के अध्यापक के तौर पर कार्य किया और काफी ख्याति अर्जित की। बाद में वित्त मंत्री के पद पर कार्य करते हुए देश को आर्थिक भंवर से बाहर निकाला। डॉ.सिंह को भारत के आर्थिक सुधारों का प्रणेता माना जाता है। पार्षद सुभाष राठौर, पूर्व पार्षद मनकराम साहू, अविनाश बंजारे, जिला कांग्रेस पदाधिकारी रमेश वर्मा ने भी डॉ. मनमोहन सिंह के जीवनी पर प्रकाश डाला।

# निःशुल्क आयुर्वेदिक पंचकर्म कैम्प का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन के दिशा निर्देश से स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत एक और ऐतिहासिक पहल करते हुए प्रियदर्शिनी क्लब, इंदिरा विहार कॉलोनी, बिलासपुर में निःशुल्क आयुर्वेदिक न्यूरोथेरेपी एवं पंचकर्म कैम्प का शुभारंभ मुख्य अतिथि निदेशक मानव संसाधन) बिरंची दास के करकमलों से 26 सितम्बर को डॉ.श्रुतिदेव मिश्रा प्रमुख चिकित्सा सेवायें, एसईसीएल, डॉ.महेन्द्र रघुवंशी एमडी न्यूरोथेरेपी एवं वात रोग विशेषज्ञ, महाप्रबंधक कल्याण श्यामला राव, महाप्रबंधक सीएसआर सीएम वर्मा, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन-प्रशासन जनसंपर्क राजभाषा मनीष श्रीवास्तव, प्रबंधक सिविल भानु सिंह की उपस्थिति में किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि बिरंचीदास ने इस पहल को अत्यंत सराहनीय बताते हुए कहा कि आधुनिक जीवनशैली और मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से उत्पन्न दुष्प्रभावों से बचाव के लिए हमारी पुरातन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धतियाँ अत्यंत प्रभावी हैं। उन्होंने अपने संबोधन में दशहरा पर्व की अग्रीम बधाई देते हुए कर्मी एवं उनके परिवारजनों को अधिकाधिक मात्रा में उपस्थित होकर इसका लाभ लेने का आव्हान किया।

TOP IN KORBA

GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

## पंडालों में विराजी मां



आजाद चौक दुर्गा पंडाल दीपिका



कैलाश नगर बालको।



पटियापाली बीच गली बिराजमान मां जगदम्बा।



पथरीपारा मेन रोड।



जय मां दुर्गा उत्सव समिति टावर मोहल्ला पाली।



मां जगत जननी दुर्गा उत्सव मंगल भवन पाली।

*कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा संचालनालय महिला एवं बाल विकास रायपुर के निर्देशानुसार वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार, मिनीमाता सम्मान और माता बहादुर कलारिन सम्मान वर्ष हेतु प्राप्त नामांकन में से सर्वात्कृष्ट एक महिला का नाम चयन कर अनुशंसा सहित संचालनालय को भेजे जाने हेतु 5 चयन समिति का गठन किया गया है।

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

202509050600105
रा.प्र.क. /अ-27/2024-25
ग्राम-रामुपर प.ह.नं. 17

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती गीता पाल पति श्री कुमारेश पाल निवासी पाल होटल कोरबा तहसील व जिला कोरबा द्वारा रामपुर प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. कोरबा स्थित भूमि खसरा नंबर 852 रकबा 0.020 हे. आवेदिका के नाम पर दर्ज है। उपरोक्त वर्णित भूमि को आवेदिका के द्वारा अपने एवं अपने बच्चों के मध्य खाता विभाजन किये जाने बाबत छगभूरा संहिता की धारा 178क के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 09/10/2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 24/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**कोरबा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### तनेरा क्षेत्र में गजराजों का आतंक, दो मवेशियों को उतारा मौत के घाट

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल में हाथियों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। पसान रेंज में गजराजों का आतंक लगातार जारी है। यहां के तनेरा सर्किल में 54 की संख्या में हाथी विचरण कर रहे हैं जिनके द्वारा भारी उत्पात मचाया जा रहा है। गुरुवार की रात को हाथियों के इस झुण्ड ने तनेरा क्षेत्र के बागपानी गांव में घुसकर जहां एक ग्रामीण के मकान को ढहा दिया, वहीं एक अन्य के घर के बाहर गोठान में बंधे दो मवेशियों को मार डाला। हाथियों द्वारा क्षेत्र में उत्पात मचाए जाने से क्षेत्रवासी काफी भयभीत हैं। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला आज सुबह मौके पर पहुंचकर नुकसानी का आंकलन शुरू कर दिया है, वहीं पोस्टमार्टम के बाद मृत मवेशियों को उसके मालिक के हवाले कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार हाथियों ने जिस समय संबंध सिंह नामक ग्रामीण के घर को निशाना बनाया उस समय संबंध सिंह व उसके परिवार के सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे। हाथियों की चिंघाड़ सुनकर अचानक जागे और घर के भीतर एक कमरे में छिपकर अपनी जान बचाने के साथ वन विभाग को सूचित किया, जिस पर हाथी ड्यूटी में तैनात कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और वहां मौजूद हाथियों को खदेड़ने की कार्यवाही की। हाथियों के झुण्ड ने जंगल की ओर जाने से पहले एक ग्रामीण के घर के बाहर बंधी मवेशियों पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया।

### तेज रफ्तार का कहर, कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**कोरबा।** कटघोरा थाना क्षेत्र के कारखाना एरिया में गुरुवार को तेज रफ्तार कार मारुति ऑल्टो के-10 ने एक बाइक सवार को जोरदार ठोकर मार दी। तेज रफ्तार से आ रही कार अचानक सामने से गुजर रही बाइक को टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार युवक उछलकर सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क पर दो बार पलटी खा गई। कार में महिला समेत तीन लोग सवार थे, जिन्हें मामूली चोटें आई हैं। वहीं बाइक चला रहा युवक बुरी तरह जख्मी हो गया है। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी और घायल को अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने सिम्स बिलासपुर रेफर कर दिया है। घायल युवक की पहचान मोहनपुर निवासी के रूप में हुई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज जब्त कर जांच शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कार की रफ्तार काफी ज्यादा थी, जिसकी वजह से वाहन चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया और यह बड़ा हादसा हो गया।

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन 1 को

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में जिले में वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षण एवं सम्मान के प्रति जन सामान्य में चेतना विकसित करने हेतु प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन किया जाएगा। उक्त आयोजन में वरिष्ठ नागरिकों के लिए सम्मान समारोह, कार्यशाला, सेमीनार, जागरूकता शिविरों आदि का आयोजन शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं के सहयोग से कराया जाएगा। कलेक्टर ने जिला मुख्यालय से लेकर खण्ड स्तर, नगर निगम, नगर पालिका तथा नगर पंचातयों में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन कराने एवं किए गए कार्यक्रम की प्रतिवेदन के साथ फोटोग्राफ इत्यादि जिला कार्यालय समाज कल्याण को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया है।

### महिला बुनकर सहकारी समिति के सदस्यों के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम जारी

**कोरबा।** विकासखंड करतला के निर्मला महिला बुनकर सहकारी समिति मर्यादित उमरेली, पंजीयन क्रमांक 220 एवं पाली के सर्वमंगला बुनकर सहकारी समिति मर्यादित पुलालीकला, पंजियन क्रमांक 319 हेतु संचालक मण्डल के सदस्यों के निर्वाचन हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके अंतर्गत 4 अक्टूबर प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक नामांकन पत्र समिति कार्यालय में प्रस्तुत किया जाएगा। 12 अक्टूबर को सोसायटी की विशेष साधारण सम्मिलन में प्रातः10 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान एवं मतदान के एक घंटे के बाद समिति कार्यालय में मतगणना आयोजित की जाएगी।

## सात करोड़ की लागत से बनेगी डामर रोड

# मंगला से शिवघाट बराज तक मिलेगा एक और बाईपास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगला से शिवघाट बराज के बीच शहरवासियों को एक और बाईपास आवागमन के लिए मिलेगा। सात करोड़ रूपए की लागत से इस सड़क का निर्माण सिंचाई विभाग करेगा। शहर के लोगों को न केवल मंगला-धुरीपारा से सीधे सरकंडा जाने में यह सड़क काफी मददगार साबित होगी, बल्कि शहर के भीतर से यातायात का दबाव भी कम होगा।

धुरीपारा-मंगला से सरकंडा जाना चाह रहे लोगों को अब शहर के भीतर प्रवेश करने की कोई जरूरत नहीं होगी। वे शिवघाट बराज से होते हुए सीधे सरकंडा जा सकेंगे। सिंचाई विभाग द्वारा एसटीपी मंगला से शिवघाट बराज तक छह सौ मीटर लंबाई वाली एक डामर सड़क बनाई जा रही है। यह सड़क डामरीकृत होगी, जिसकी कुल चौड़ाई दस मीटर होगी। इसके अंतर्गत साढ़े सात मीटर डामर सड़क व शेष चौड़ाई में शोल्डर का निर्माण किया जाएगा। सड़क की कुल लागत 682.22 लाख रूपए होगी, जिसमें सड़क के अलावा नदी के दोनों ओर प्रोटेक्शन वाल व पिचिंग संबंधी कार्य भी किया जाना प्रस्तावित है।



### डीएमएफ से कलेक्टर ने दी स्वीकृति

कलेक्टर द्वारा शिवघाट बराज के निरीक्षण के दौरान मंगला से बराज तक सड़क निर्माण कर शहरवासियों के लिए एक और वैकल्पिक मार्ग तैयार करने संबंधी चर्चा सिंचाई विभाग के अधिकारियों से की गई थी। इसके बाद इसकी पूरी प्लानिंग व बजट तैयार कर सिंचाई विभाग द्वारा निर्माण की स्वीकृति ले ली गई। इसके लिए फंड की व्यवस्था जिला खनिज न्यास मद से की जा रही है।

### निविदा आमंत्रित की गई है

मंगला-धुरीपारा से शिवघाट बराज के बीच एक बाईपास डामर रोड बनाया जाना प्रस्तावित है। सिंचाई विभाग द्वारा बनाई जाने वाली दस मीटर चौड़ाई वाली इस सड़क की लागत करीब सात करोड़ रूपए होगी। निविदा आमंत्रित की जा चुकी है।

**पीएन श्रीवास्तव**, एसडीओ, खारंग जल संसाधन संभाग

# असामाजिक तत्वों ने बाइक में लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

असामाजिक तत्वों ने एक ग्रामीण के घर के बाहर खड़ी उसके कार और दो मोटरसाइकिल में पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया। जब तीनों गाड़ी धूं-धूंकर जलने लगी तब गाड़ी मालिक व ग्रामीणों को इसकी सूचना मिली तब उन्होंने आग को बुझाने का भरपूर प्रयास किया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और तीनों गाड़ी जलकर पूरी तरह से खाक हो चुकी थी। इस घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी और पुलिस ने मामले में बारीकी से जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस ने



असामाजिक तत्वों के द्वारा जलाया गया मोटर सायकल एवं चार पहिया वाहन

मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

मामला उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम तिलकेजा की है। यहां निवासरत नरेंद्र उरांव मशरूम की खेती का काम करता है जो अपने घर के बाहर रोज की तरह अपनी कार और मोटरसाइकिल को खड़ी कर रखा हुआ था। बीती रात को लगभग 12 से 3 बजे के बीच असामाजिक तत्वों ने कार व दो मोटरसाइकिल को आग के हवाले कर दिया। 4 मिनट में ही आग ने विकराल रूप ले लिया और तीनों गाड़ी धूंधूंकर जलने लगी। जब आवाज आने लगी तब नरेंद्र उरांव और आसपास में रहने वाले लोगों की नींद खुली और उन्होंने गाड़ी में लगे आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक तीनों गाड़ी बुरी तरह से जल चुकी थी। शुक्रवार की सुबह नरेंद्र ने इसकी सूचना पुलिस को दी। आगजनी की सूचना पाते ही उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे थे। जहां पुलिस ने मामले की बारीकी से जांच शुरू कर दी है। उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया कि नरेंद्र की लिखित शिकायत पर पुलिस ने आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उनकी खोजबीन शुरु कर दी है।

# मैहर और डोंगरगढ़ जाने वाले 500 यात्री कतार में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवरात्रि पर्व के दौरान डोंगरगढ़ मां बम्बलेश्वरी मंदिर जाने वाले यात्रियों के लिए रेल प्रशासन ने 10 एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टापेज और मैहर मां शारदा मंदिर जाने वाले यात्रियों के लिए नौतनवा एक्सप्रेस का स्टापेज देने की सुविधा रेल प्रशासन ने दी है, जिसमें यात्रियों की काफी भीड़ हो चुकी है। इन ट्रेनों में पंचमी से अष्टमी के बीच जाने वाले करीब 500 से अधिक यात्री वेटिंग की कतार में हैं, जिन्हें कंफर्म टिकिट नहीं मिल पा रही है।

22 सितम्बर से नवरात्रि का पर्व प्रारंभ हो गया है। नवरात्रि के 9 दिनों तक श्रद्धालु मां शारदा मंदिर मैहर और मां बम्बलेश्वरी का दर्शन करने के लिए डोंगरगढ़ जाते हैं। इसकी वजह से ट्रेनों में काफी भीड़ हो जाती है। मंदिरों में दर्शन के लिए सबसे अधिक भीड़ पंचमी और अष्टमी के दिन रहती है। जोन से चलने और निकलने वाली कई एक्सप्रेस ट्रेनें हैं, जिनका स्टापेज डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में नहीं होने के कारण यात्रियों को राजनांदगांव या फिर गोंदिया स्टेशन तक जाना मजबूरी होती है। इन स्टेशनों से यात्री दूसरी ट्रेन व अन्य संसाधन से डोंगरगढ़ तक आना-जाना करते हैं। यात्रियों की परेशानियों को देखते हुए रेल प्रशासन ने बिलासपुर से चलने वाली 10 एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टापेज डोंगरगढ़ में देने का नोटिफिकेशन जारी किया है।




इसमें 22 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी डोंगरगढ़ स्टेशन 21.56 से 21.58 बजे तक, 20844 भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस 05.34 से 05.36 बजे तक, 20845 बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस 21.56 से 21.58 बजे तक, 20846 बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस 05.34 से 05.36 बजे तक, 12851 बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस 12.16 से 12.18 बजे तक, 12852 चेन्नई-बिलासपुर एक्सप्रेस 10.17 से 10.19 बजे तक 12849 बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस 14.36 से 14.38 बजे तक, 12850 पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस 11.58 से 12.00 बजे तक, 12772 रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस 18.30 से 18.32 बजे तक, 12771 सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस 10.44 से 10.46 बजे तक रोकी जा रही है।

### हजारों यात्री हलाकान

एक ट्रेन रायगढ़ से बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव से होकर डोंगरगढ़ तक चलती है। सभी ट्रेनों के डोंगरगढ़ में स्टापेज देने की शुरुआत के साथ ही बिलासपुर के अलावा अन्य स्टेशनों के हजारों यात्रियों ने दर्शन करने के लिए जाने बुकिंग करा ली थी। वहीं पंचमी और अष्टमी के दौरान मैहर और डोंगरगढ़ जाने वाले श्रद्धालुओं की काफी भीड़ हो जाती है, जिसमें महिलाओं की संख्या भी अधिक रहती है। आरक्षण कार्यालय के अनुसार बिलासपुर से डोंगरगढ़ और उसलापुर से मैहर तक चलने वाली ट्रेनों के स्लीपर कोच के साथ एसी कोच में अभी 500 से अधिक वेटिंग की स्थिति है।

# पटवारियों को करना होगा राशन कार्डों का सत्यापन

**बिलासपुर।** राशनकार्डों के सत्यापन को लेकर अब पटवारियों की बहानेबाजी नहीं चलेगी। कलेक्टर द्वारा इस संबंध में तहसीलदारों के माध्यम से पटवारियों को आदेश जारी किया गया है। ऐसे अनेक किसान हैं, जिनके पास पांच एकड़ से कम भूमि है, लेकिन उनका नाम संदेहास्पद सूची में आ गया था। इसे लेकर वे पटवारियों का चक्कर लगा रहे थे, लेकिन पटवारी सत्यापन करने जैसा कोई आदेश जारी नहीं होने का बहाना कर हितग्राहियों को चलता कर रहे थे। राज्य शासन द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिले में पात्रता आधारित राशन कार्डों की सघन जांच की जा रही है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य केवल पात्र एवं वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को ही योजना का लाभ देना है।

# एसईसीएल मुआवजा व नौकरी नहीं देगी तो उसको नहीं मिलेगी जमीन : भूपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा/हरदीबाजार

एसईसीएल भी देश की सरकार की है और जनता भी इसी देश की है तो मुआवजा देने में परेशानी क्या है। यह कार्य राजस्व विभाग द्वारा होना चाहिए। कलेक्टर इस बात को सुनिश्चित करे, जो नियम है उसके अनुसार कार्य किया जाए। मैंने पहले भी कहा था पहले मुआवजा और रोजगार दिया जाए, जब तक मुआवजा और रोजगार नहीं दोगे आपको जमीन नहीं मिलेगी।

उक्त बातें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हरदीबाजार में आयोजित आमसभा के दौरान कही। भूपेश बघेल ने मुआवजे व नौकरी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर से अवगत होते हुए शुक्रवार दोपहर 3 बजे हरदीबाजार पहुंचे। जिसके बाद श्री बघेल वरिष्ठ कांग्रेस नेता बोधराम कंवर के निवास पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि आप सभी संगठित होकर मजबूती के साथ लड़ाई लड़े। ऊर्जाधानी भूविस्थापित संघ के अध्यक्ष सपूरन कुलदीप ने भी दीपका, गेवरा व कुसमुंडा में व्याप्त समस्याओं की जानकारी दी। इस दौरान सभा आयोजन में अटल श्रीवास्तव, दूलेश्वरी सिदार, कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष मनोज चौहान, पूर्व विधायक मोहित केरकेट्टा, पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर, प्रशांत मिश्रा, कटघोरा नगर पालिका के अध्यक्ष राज जायसवाल, श्यामू जायसवाल, ब्लाक अध्यक्ष पुष्पेन्द्र शुक्ला, सरपंच लोकेश्वर कंवर, समिति से नरेंद्र राठौर, सुरेंद्र राठौर, वीरेंद्र राठौर, वंशीधर सोनी, जगदीश अग्रवाल, मितेश सोनी, गणेश श्रीवास सहित रेंकी, नेवासा, रलिया, मुडियानार, भिलाई बाजार, नराईबोध, बरकुटा, खोडरी, विलोपित गांव मलगांव, आमगांव, सुवाभोड़ी सहित आसपास क्षेत्र से लगभग 3 हजार से संख्या में महिला-पुरुष ग्रामीण शामिल हुए।



पूर्व सीएम भूपेश बघेल का महामाला से स्वागत करते कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकता।

# जिले में पहली बार जनपद पंचायत की कमान सौंपी गई आईएएस को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में पहली बार किसी जनपद पंचायत की कमान प्रशिक्षु आईएएस को सौंपी गई है। अब तक प्रशिक्षु आईएएस को कटघोरा एसडीएम ही बनाया जाता रहा है। इस बार जनपद पंचायत कोरबा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर प्रशिक्षु आईएएस की पदस्थापना की गई है। जिस पद पर अब तक मंडल संयोजक या डिप्टी कलेक्टर स्तर के अधिकारियों की पदस्थापना होती रही है।

जिले को राज्य शासन की ओर से दो प्रशिक्षु आईएएस मिले हैं, जिससे आईएएस की संख्या 4 हो गई है। कलेक्टर अजीत वसंत के अलावा निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय भी आईएएस अवार्ड हो चुके हैं। वहीं कटघोरा एसडीएम प्रशिक्षु आईएएस तन्मय खन्ना की पदस्थापना की गई है। इसी तरह जनपद पंचायत कोरबा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर प्रशिक्षु आईएएस क्षितिज गुरभेले की पदस्थापना की गई है। उन्होंने दो दिन पूर्व ही पदभार ग्रहण किया है। पूर्व में पदस्थ कौशिल्य गबेल को ट्रायबल विभाग में अटैच किए जाने से उन्हें नई जिम्मेदारी दिए जाने की तैयारी की गई है। जिले में पांच जनपद पंचायत है। जिनमें कोरबा जनपद पंचायत जिला मुख्यालय में संचालित है। जिसके अंतर्गत 76 ग्राम पंचायत आते हैं। राजनीतिक रुप से जनपद पंचायत हमेशा चर्चा में रहा है। प्रशिक्षु आईएएस की पदस्थापना होने से जनपद के कार्यों में कसावट आने के साथ कर्मचारियों की मनमानी और लालफीताशाही पर भी लगाम लगेगी। आईएएस की पदस्थापन होने से कर्मचारियों और पंचायत सचिवों में हड़कंप मचा हुआ है।




# अलग-अलग घटना में दो लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई है। जहां एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई है जबकि एक महिला की तबीयत बिगड़ने पर उसकी मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत घटित हुई है। यहां निवासरत ओमप्रकाश 33 वर्ष पिता संतराम दिवाकर अपने एक अन्य साथी के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर जा रहा था कि ग्राम करमंदी के पास पहुंचा था कि उसकी मोटरसाइकिल एक दूसरे मोटरसाइकिल से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस सड़क हादसे में ओमप्रकाश व विजेंद्र नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है जहां इलाज के दौरान ओमप्रकाश दिवाकर की मौत हो गई है जबकि इस सड़क हादसे में दूसरे बाइक में सवार रामपुर निवासी विजेंद्र नामक युवक घायल हो गया है जिसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। दूसरी घटना उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम कथरीमाल की है यहां निवासरत शारदा बाई उम्र 35 वर्ष पति रामचंद्र राजवाड़े की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था। जहां इलाज के दौरान शारदा बाई की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले में जांच शुरू कर दी है।







# मासूम बच्ची को पानी से भरे ड्रम में डाला, युवक की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नशे में धुत्त एक युवक ने पड़ोस में रहने वाले 7 वर्षीय मासूम बच्ची को पानी भरे ड्रम में डाल दिया था जब परिजनों की नजर पड़ी तो उन्होंने तुरंत बच्ची को बाहर निकाला। जिसके बाद नशे में धुत्त युवक की जमकर धुनाई की गई। मारपीट की सूचना पर पुलिस की टीम ने उसे हिरासत में ले लिया था लेकिन बाद में मासूम बच्ची के परिजन अपराध दर्ज कराने नहीं पहुंचे जिसके चलते देर शाम तक मामले में अपराध दर्ज नहीं हो पाया था।

मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के सीतामणी बस्ती की है। यहां निवासरत सूरज नामक युवक ने पड़ोस में रहने वाली 7 वर्षीय मासूम बच्ची को मजाक मजाक में पानी से भरे ड्रम में डाल दिया था। जब परिजनों ने युवक की हरकत को देखा तो मासूम बच्ची को तत्काल ड्रम से बाहर निकाला गया और घटना को अंजाम देने वाले युवक की जमकर पिटाई की गई है। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया था। मामले को लेकर नगर कोतवाल मोती पटेल ने बताया कि देर शाम को मासूम बच्चे के परिजनों ने अपराध दर्ज ना कराने को लेकर आवेदन दिया है जिसके चलते पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज नहीं किया है।







